प्रेस नोट सं0 -15

दिनांक 09.04.2026

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

रास्ता भटक कर जनपद बाराबंकी पहुंची 11 वर्षीय बालिका को ग्राम प्रधान के सहयोग से थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा तलाश कर उसके परिजनों को सकुशल किया गया सुपुर्द।

सूचना देकर बालिका को सकुशल बरामद कराने में सहयोग कराने वाले ग्राम प्रधान को पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा किया गया सम्मानित।

दिनांक 06.04.2026 को वादिनी सुनीता पत्नी शिवशरन निवासिनी ग्राम जेहटा उसरहा थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी ने थाना शिवरतनगंज पर तहरीर दी गई कि वादिनी की पुत्री अंजोली उम्र करीब 11 वर्ष दिनांक 05.04.2026 को सुबह 9:00 बजे साइकिल लेकर घर से निकली थी, अभी तक घर वापस नहीं आई है। **प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना शिवरतनगंज पर मु0अ0सं0 31/2026 धारा 137(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया था। उक्त के संबंध में गुमशुदा की तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये थे।** पुलिस टीम द्वारा विभिन्न बाजारों, चौराहों के सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए क्षेत्र के जंगल व सुनसान जगह पर ड्रोन कैमरा के द्वारा तलाश की गई, विभिन्न बाजारों सेमरौता, हैदरगढ़, इन्हौना आदि में पंपलेट चस्पा किया गया, टेंपो टैक्सी एवं दुकानदारों से गुमशुदा की फोटो दिखाकर तलाश करने का प्रयास किया गया तथा सोशल मीडिया पर उक्त गुमशुदा की फोटो एवं विवरण अंकित कर प्रचार-प्रसार कराया गया था। **जिसके फलस्वरूप जनपद बाराबंकी में सोशल मीडिया के द्वारा प्राप्त फोटो से मिलान कर पहचान करते हुये जय सिंह वर्मा ग्राम प्रधान बहादुरपुर थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी द्वारा पीआरवी 112 पर सूचना दी गई थी। सूचना पर पीआरवी द्वारा मौके पर पहुंचकर उक्त बालिका को सुरक्षित महिला थाना टीम के सुपुर्द किया गया। जनपद बाराबंकी से सूचना प्राप्त होने पर थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा गुमशुदा को सकुशल बरामद किया गया।** बालिका की बरामदगी में ग्राम प्रधान जय सिंह वर्मा, अभय वर्मा एवं आशीष यादव का सहयोग सराहनीय रहा। **सूचना देकर बालिका को सकुशल बरामद कराने में सहयोग कराने वाले ग्राम प्रधान को पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय अमेठी में सम्मानित किया गया।** बालिका के परिजनों द्वारा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

पुलिस टीम-

1. श्री दयाशंकर मिश्रा थानाध्यक्ष शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 मनोज कुमार प्रजापति थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
3. का0 अभिमन्यु थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
4. म0का0 प्रीती थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।